## सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण - जनपद मेरठ

दिनांक 9-5-17 से 11-5-17 तक जनपद मेरठ में डॉ० आनन्द अग्रवाल, (उपमहाप्रबंधक- आर०के०एस०के०), इन्द्रजीत सिंह (सलाहकार- आर०के०एस०के०) एवं डॉ० वैभव पाठक (सलाहकार- परिवार नियोजन) द्वारा जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधक, जनपदीय कम्युनिटी मेनेजर एवं जनपदीय अकाउंट मैनेजर के साथ सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया| पर्यवेक्षण की पूर्व सूचना दिए जाने पर भी जनपदीय कार्यक्रम नोडल अधिकारी भ्रमण के दौरान उपस्थित नहीं हुए न ही किसी तरह का सहयोग किया गया|

भ्रमण किये गए केन्द्रों एवं समुदाय की तिथिवार समीक्षा रिपोर्ट इस प्रकार है:-

**आंगनवाड़ी केंद्र कैली I-II दिनांक 09/05/2017**

1- RBSK मेडिकल टीम A का माइक्रो प्लान साल भर का नहीं बना था|
2- सत्र माइक्रो प्लान के अनुसार नहीं आयोजित किया गया था अपितु आकस्मिक परिवर्तन करके किया जा रहा था|



3- स्टाफ नर्स दीपिका को WIFS की कोई जानकारी नहीं थी| लैपटॉप अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गए हैं|
4- RBSK रिपोर्टिंग रजिस्टर में किशोर सम्बंधित बीमारियों (बीमारी संख्या 31-38) का डाटा नहीं भरा जा रहा है| RBSK टीम द्वारा फर्जी रिपोर्टिंग की जा रही है| रजिस्टर से पंजीकृत बच्चों की संख्या से एंट्री की जा रही है|
5- AFHS के बारे में मेडिकल टीम को कोई भी जानकारी नहीं थी| क्लिनिक कहाँ एवं किस उद्देश्य से स्थपित की गई है उन्हें नहीं बताया गया था| उनके द्वारा किसी भी किशोर एवं किशोरी को अभी तक AFHC में संदर्भित नहीं किया गया है|



6- मेडिकल टीम द्वारा विफ्स कार्यक्रम से सम्बंधित आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों में अनुश्रवन एवं सहयोग नहीं किया जा रहा है|
7- आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों का WIFS का कोई प्रशिक्षण नहीं करवाया गया है| और न ही स्कूल न जाने वाली किशोरियों हेतु नीली IFA उपलब्ध करवाई गई है|

**पूर्व माध्यमिक विद्यालय - कैली दिनांक 09/05/2017**

1- अध्यापकों का WIFS का कोई प्रशिक्षण नहीं करवाया गया है| और न ही पिछले एक साल से स्कूल के छात्रों हेतु नीली IFA उपलब्ध करवाई गई है|
2- विद्यालय में किशोरियों हेतु एक बार भी सेनेटरी नैपकिन्स नहीं उपलब्ध करवाई गयी हैं|



**मिशन इन्द्रधनुष (VHND) सत्र- मंधियही बड़ी दिनांक 09/05/2017**

1- HRP की लाइन लिस्टिंग ANM के पास नहीं थी| MCP की रिक्तियां एवं जानकारी समुचित रूप से नहीं भरे जा रहे हैं| लाभार्थी से सम्बंधित जानकारी कार्ड पर नहीं भरी जा रही थी|




2- आशा द्वारा HBNC नहीं की जा रही है| अति कुपोषित बच्चों का कोई रिकॉर्ड ANM के पास प्राप्त नहीं हुआ न ही उसके द्वारा कोई growth monitoring की जा रही है| अति कुपोषित बच्चों के घरों में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती द्वारा न तो विजिट किया गया है न ही NRC में भर्ती हेतु प्रयास किये गए हैं|



3- आयोडीन साल्ट टेस्टिंग किट, IFA सिरप, IFA की लाल गोली आशा के पास उपलब्ध नहीं थी|

4- बच्चों के खान पान सम्बन्धी सलाह एवं परामर्श का कोई ज्ञान ANM, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को नहीं मिली|





5- परिवार नियोजन सम्बन्धी कोई सलाह एवं साधन का वितरण आशा द्वारा नहीं किया गया है| लाभार्थी को परामर्श एवं प्रेरित करने के लिए आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के पास कोई IEC मटेरियल उपलब्ध नहीं था|

6- आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों का WIFS का कोई प्रशिक्षण नहीं करवाया गया है| और न ही स्कूल न जाने वाली किशोरियों हेतु नीली IFA उपलब्ध करवाई गई है|

**<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना दिनांक 09/05/2017</u>**



1- फार्मेसी में बहुत सी आवश्यक दवाओं की कमी थी जैसे : कैल्शियम टेबलेट, Anti malarial, IFA syrup इत्यादि|

2- स्टॉक में कुछ दवाएं अत्यंत शोर्ट एक्सपायरी की पायी गयी| इंजेक्शन hydrocortisone मई 2017 में expire होना है जबकि उसके लिए नया इंडेंट भी नहीं भेजा गया है|



3- ब्लाक स्तर का WIFS का प्रशिक्षण नहीं हुआ है|

4- BPM को विफ्स/निपी कार्यक्रम से सम्बंधित कोई जानकारी नहीं थी|

5- PPIUCD के follow up कार्ड नहीं उपलब्ध थे|

6- अल्ट्रासाउंड की मशीन उपलब्ध होने के बावजूद कोई रेडियोलाजिस्ट न होने के कारण लाभार्थियों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है|

7- 6 उपकेन्द्र पर ANM नहीं हैं|

8- जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं क्षेत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण पिछले 6 माह से नहीं किया गया है|

9- IFA नीली एवं पिंक गोलियां ब्लाक से ICDS एवं BRC भेजी गई हैं इसका कोई follow up नहीं किया गया है न ही इससे सम्बंधित कोई दस्तावेज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राप्त हुए|

**<u>उपकेन्द्र मसूरी ब्लाक रजपुरा दिनांक 10/05/2017</u>**



1- ANM के भ्रमण का कोई माइक्रो प्लान अभी तक नहीं बनाया गया है|

2- केंद्र पर मूलभूत आवश्यकताएं जैसे बिजली, पानी उपलब्ध नहीं है| खिडकियों के शीशे टूटे हुए हैं|

3- उपकेन्द्र पर टीकाकरण का कोई भी सत्र आयोजित नहीं किया जा रहा

है|

4- ANM को SBA प्रशिक्षण नहीं दिया गया है| केंद्र पर प्रसव सम्बन्धी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न होने के बावजूद प्रसव करवाए जा रहे हैं| प्रसव सम्बंधित उपकरणों का sterilization नहीं किया जा रहा है न ही वहां इसके लिए कोई व्यवस्था उपलब्ध है|



5- स्वच्छता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है|

6- साधनों एवं प्रशिक्षण के अभाव में HRP गर्भवती महिलाओं का भी प्रसव करवाया गया|

7- इमरजेंसी एवं जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध नहीं थी एवं ANM को उसकी जानकारी भी नहीं थी|

8- mucus extractor, नाल काटने का ब्लेड, बाँधने हेतु स्वच्छ धागा, ambu bag उपलब्ध नहीं था|

**<u>जिला महिला चिकित्सालय</u> <u>दिनांक 10/05/2017</u>**

1- जिला महिला चिकित्सालय में अधीक्षिका की अनुपस्थिति में हॉस्पिटल मैनेजर डॉ० नीशू द्वारा भ्रमण करवाया गया|



2- SNCU में रेडियंट वार्मर की कमी है| 10 के स्थान पर केवल 5 वार्मर ही क्रियाशील हैं|

3- AFHC क्लिनिक हेतु अलग से स्थान नहीं नियोजित किया गया है| फॅमिली प्लानिंग एवं ARSH काउंसलर एक ही कमरे में बैठ रही हैं| ARSH काउंसलर का आउटरीच एक्टिविटी का भुगतान एक साल से नहीं किया गया है|

4- AFHS कार्ड्स, नीली IFA, BMI चार्ट, वजन मशीन, सेनेटरी नैपकिन्स उपलब्ध नहीं कराये गए हैं|

5- क्लिनिक पर जानकारी हेतु कोई सूचना पट प्रदर्शित नहीं है| क्लिनिक का कंप्यूटर मौके पर उपलब्ध नहीं था|

**<u>पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC)</u> <u>दिनांक 10/05/2017</u>**

1- डॉ अखलाक द्वारा केंद्र का भ्रमण नहीं किया गया| उनकी जगह डॉ० पी० के० जैन ने विजिट किया एवं एक बच्चे को केंद्र पर रक्त चढ़ाने के निर्देश दिए जोकि मौके पर किया जा रहा था|





2- वार्ड की सफाई दो दिन से नहीं की गई थी|

3- NRC का बेड ऑक्यूपेंसी रेट काफी कम है|

**<u>जिला पुरुष चिकित्सालय</u> <u>किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक</u> <u>दिनांक 11/05/2017</u>**

1- क्लिनिक पर क्लिनिकल सेवाओं का डाटा मासिक रिपोर्ट में नहीं भेजा जा रहा है|

2- क्लिनिक पर IFA एवं albendazole की गोलियां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं|

3- आउटरीच एक्टिविटी का कोई भी भुगतान अभी तक काउंसलर को नहीं किया गया है|

4- जनपदीय नोडल आर०के०एस०के० द्वारा कभी भी क्लिनिक का भ्रमण नहीं किया गया है|

**शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (UPHC) पुलिस लाइन दिनांक 11/05/2017**



1- परिसर साफ़ सुथरा एवं व्यवस्थित था|

2- स्टाफ की कमी के कारण OPD के अतिरिक्त अन्य सुविधायें प्रदान नहीं की जा रही थी|

3- पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी|

4- केंद्र पर प्रसव कराने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है इसे उच्चीकृत किया जा सकता है|

**जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक दिनांक 11/05/2017**

जनपद स्तर पर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी- आर०सी०एच०, नोडल अधिकारी, एन० यू० एच० एम०, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक, जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधक, जनपदीय कम्युनिटी प्रोसेस मेनेजर, वित्त एवं लेखा अधिकारी, एवं जनपदीय अकाउंट मेनेजर के साथ भ्रमण के दौरान पाई गई जानकारी साझा की गई| तथ्यों से परिचित कराया गया| भ्रमण रिपोर्ट लिखित रूप में उन्हें प्रस्तुत की गयी| विसंगतियों को शीघ्र दूर करने के लिए निर्धारित समय सीमा में त्वरित कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया|

(इन्द्रजीत सिंह)
सलाहकार–आर.के.एस.के.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.

24/05/17
(डॉ० आनन्द कुमार अग्रवाल)
उपमहाप्रबन्धक–आर.के.एस.के.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.

डॉ० [illegible] पाठक
सलाहकार (परिवार नियोजन)